

आई.टी.आई. के अध्यापकों को प्रशिक्षित करते हुए ट्रेनर। (मल्होत्रा)

अध्यापकों के लिए 2 दिवसीय वर्कशॉप शुरू

अमृतसर, 17 मार्च (ब्यूरो): सरकारी आई.टी.आई. रणजीत एवेन्यू द्वारा मारुति सुजुकी के साथ किए गए एम.ओ.यू. के तहत आज 2 दिवसीय अध्यापक वर्कशॉप का आयोजन स्थानीय होटल में किया गया। इसमें उक्त आई.टी.आई. सहित दयानंद आई.टी.आई. हाथी गेट के अध्यापकों ने हिस्सा लिया। पर्सनैलिटी डिवैल्पमैंट में काम करती हीरो माइंडमाइन कंसल्टैंसी ने उपस्थित अध्यापकों को स्ट्रैस मैनेजमैंट, पढ़ाने के गुणवर्धक तरीके, स्किल डिवैल्पमैंट आदि जैसी तकनीक से अवगत करवाया। उक्त आई.टी.आई. के प्रिंसीपल इंजी. संजीव शर्मा ने बताया कि आई.टी.आई. में पढ़ते विद्यार्थियों की शिक्षा में अधिक गुणवत्ता आए, उसके लिए अध्यापकों को भी ट्रेनिंग की आवश्यकता रहती है जिसे समय-समय पर सहयोग के साथ करवाया जाता है।

इस दौरान उन्होंने मुख्यातिथि अमृतसर के खजाना अधिकारी अमन मैणी को सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रुप इंस्ट्रक्टर नवजोत सिंह, करनैल सिंह, तजिंद्र सिंह, मारुति सुजूकी से सतीश आदि उपस्थित थे।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed, 18 March 2015
epaper.punjabkesari.in/c/4764002